# University in News on 18 December 2023

## NBT PAGE 5

**खूब पढ़ें, खूब बढ़ें** लाइब्रेरी में दो फ्लोर में गेस्ट हाउस और कम्युनिटी हॉल भी होगा

# LU में ₹59.17 करोड़ से बनेगी हाइटेक लाइब्रेरी

**एलडीए ने एलयू के साथ मिलकर बनाया DPR**

Rishi.Sengar@timesgroup.com

**लखनऊः** एलयू में 59.17 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक लाइब्रेरी बनेगी। इस प्रॉजेक्ट की रिपोर्ट भी तैयार हो चुकी है। जल्द रिपोर्ट पर मुहर लगने के बाद लाइब्रेरी का काम शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना के तहत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी बनाने का फैसला लिया। उनके विशेष कार्याधिकारी केपी सिंह ने इस प्रॉजेक्ट को अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू की। लखनऊ विकास प्राधिकरण(एलडीए) ने एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय से लाइब्रेरी बनवाए जाने के लिए सम्पर्क किया। एलयू वीसी ने प्रॉजेक्ट के लिए जमीन देने पर सहमति व्यक्त कर दी। एलयू के गेस्ट हाउस के पास ही विश्वविद्यालय की जमीन है। जिसे हाल में ही एलयू ने खाली कराया था। एलयू वीसी ने गेस्ट हाउस के बगल में मौजूद जमीन देने की बात कही। इसके बाद एलडीए ने एलयू वीसी के साथ मिलकर डिटेल प्रॉजेक्ट रिपोर्ट(डीपीआर) तैयार की। फिलहाल लाइब्रेरी बनाने का बजट 59.17 करोड़ रुपये रखा गया है। सूत्रों का कहना है कि लाइब्रेरी को और बड़ा स्वरूप देने पर विचार चल रहा है। लिहाजा प्रॉजेक्ट का बजट बढ़ सकता है।



प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत रक्षा मंत्री बनवा रहे हैं लाइब्रेरी

### दोनों फ्लोर मिलाकर बैठ सकेंगे एक हजार लोग

सूत्रों के मुताबिक दो फ्लोर में अत्याधुनिक लाइब्रेरी होगी। जिसमें वाईफाई की पूरी व्यवस्था होगी। ग्राउंड फ्लोर पर बुक्स पढ़ने के लिए सिटिंग की व्यवस्था होगी। वहीं पहले फ्लोर पर साइबर लाइब्रेरी होगी। दोनों फ्लोर मिलाकर करीब 1000 लोगों के एक साथ बैठने की व्यवस्था पर विचार चल रहा है। इसके अलावा दूसरे और तीसरे फ्लोर पर गेस्ट हाउस व कम्युनिटी हॉल रखने का प्लान है।

### ओपन फॉर ऑल होगी लाइब्रेरी

लाइब्रेरी ओपन फॉर ऑल होगी। एलयू के साथ-साथ शहर के अन्य विश्वविद्यालयों और कॉलेज के स्टूडेंट्स लाइब्रेरी में जाकर पढ़ाई कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को भी फायदा होगा। खासकर एलयू के स्टूडेंट्स को फायदा होगा। क्योंकि एलयू की टैगोर लाइब्रेरी अब छोटी पड़ने लगी है। वहां काफी संख्या में स्टूडेंट पहुंच रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि फिलहाल लाइब्रेरी के प्रयोग के लिए कोई शुल्क नहीं लिए जाने की बात चल रही है। एलयू प्रशासन की देखरेख में इस लाइब्रेरी को चलाया जाएगा।

### किताबों का ब्योरा जुटाया जा रहा

लाइब्रेरी में कौन-कौन सी बुक्स,रिसर्च पेपर,रिसर्च व रीडिंग मटेरियल रखा जाए,इसका ब्योरा जुटाया जा रहा है। इसके अलावा साइबर लाइब्रेरी में ऑनलाइन क्या-क्या मटेरियल रहेगा,इस पर भी विचार चल रहा है। स्टूडेंट्स से बुक्स के लिए फीडबैक लिया जा रहा है।

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

### एलयू को क्या फायदा?

एलडीए लाइब्रेरी के लिए ऐसी जबह खोज रहा था,जहां स्टूडेंट्स आसानी से पहुंच चुके। काफी खोजने के बावजूद कोई मुफीद सेंटर प्लेस नहीं मिल रही थी। इसी बीच एलयू वीसी से सम्पर्क किया गया। क्योंकि एलयू शहर में ऐसे स्थान पर है,जहां स्टूडेंट आसानी से पहुंच सकते हैं। एलयू वीसी ने प्रॉजेक्ट के लिए हामी भर दी। हालांकि उन्होंने लाइब्रेरी के साथ एक और प्रस्ताव भी रखा। वीसी ने प्रस्ताव दिया कि दो फ्लोर में लाइब्रेरी बनाई जाए और दो में गेस्ट हाउस व कम्युनिटी सेंटर बनाया जाए। जिसका उपयोग एलयू कर सके। ऐसा होने पर एलयू के एक पंथ दो काज हो जाएंगे। एलयू की जमीन उपलब्ध कराने पर एक तो लाइब्रेरी मिल जाएगी। वहीं गेस्ट हाउस और कम्युनिटी सेंटर की जरूरत भी पूरी होगी। एलडी और एलयू दोनों का फायदा दिखा। लिहाजा प्रॉजेक्ट पर सहमति बन गई।

### LU के स्टूडेंट हरिशंकर को फेलोशिप

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू में एमएससी सांख्यिकी के प्रथम वर्ष के स्टूडेंट हरिशंकर जायसवाल को आईआईटी कानपुर में गणित और सांख्यिकी विभाग में दो महीने की सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप के लिए चुना गया है। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि फेलोशिप के दौरान हरिशंकर को प्रतिष्ठित प्रफेसरों और वैज्ञानिकों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ हर महीने 25000 रुपये वजीफा भी मिलेगा।

## JAGRAN CITY PAGE III

# भू-विज्ञान विभाग के पूर्व छात्रों का सम्मान, वर्तमान छात्रों का बढ़ाया हौसला

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग का केपी विमल प्रेक्षागृह रविवार में लखनऊ यूनिवर्सिटी जियोलाजी डिपार्टमेंट एलुमिनाई (एलयूजीडीए) मीट हुई। इसमें भू-विज्ञान विभाग से परस्नातक में 50 वर्ष पहले और 25 वर्ष पहले उत्तीर्ण हुए पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 में हर सेमेस्टर में टापर अदिति सिंह, कल्याणी द्विवेदी और प्रियांशु सिंह को पुरस्कृत किया गया। एलुमिनाई ने वर्तमान छात्रों का उत्साह भी बढ़ाया।

1962 बैच के दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. डीएम बनर्जी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। वर्ष 1993 में परास्नातक करने वाले आइआइटी रुड़की के एसोसिएट प्रोफेसर डा. प्रदीप श्रीवास्तव को एलुमिनाई अवार्ड मिला। कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि इस विभाग की एलुमिनाई से ही सबसे बड़ी धनराशि विश्वविद्यालय को मिली है। भू-विज्ञान विभाग का माहौल हमेशा सौहार्दपूर्ण रहा है। यहां एक परिवार की तरह कार्य होता है। विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुव सेन सिंह ने बताया कि एलुमिनाई कई क्षेत्रों में भू-विज्ञान विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं। अध्यक्षता वर्ष 1962 में परास्नातक करने वाले प्रो. डीएम बनर्जी ने की। प्रो. विभूति राय, प्रो. रामेश्वर बली, डा. अजय कुमार आर्य, डा. राजेश सिंह उपस्थित रहे।

एलुमिनाई मीट में कुलपति प्रो. आलोक राय, विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुवसेन सिंह, प्रो. डीएम बनर्जी व पुरस्कृत विद्यार्थी। कार्यक्रम में मौजूद पुरातन छात्र, शिक्षक और विभाग के विद्यार्थी ● जागरण

# जल्द ही घर के पते पर पहुंचेंगी डिग्री, प्रक्रिया शुरू

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के पढ़ाई करने वाले 43,398 छात्र-छात्राओं को जल्द ही उनके दिए गए पते पर डाक के माध्यम से डिग्रियां भेजी जाएंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

लवि का 66वां दीक्षा समारोह छह दिसंबर को आयोजित किया गया था। इसमें विभिन्न विभागों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी डिग्री धारकों को डिग्री प्रदान की गई थी। उसके बाद यह डिग्रियां डिजिलाकर में भी भेज दी गईं। अब डिग्री की हार्ड कापी 43,398 विद्यार्थियों को डिग्रियां उनके घर पर डाक के माध्यम से भेजी जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्य परीक्षाएं बीतने के बाद इस कार्य को तेजी से कराया जाएगा ताकि छात्र-छात्राओं को समय से डिग्रियां मिल सकें।

**43,398**

**विद्यार्थियों को लवि के दीक्षा समारोह में प्रदान की गई थीं डिग्री**

गौरतलब है कि राजभवन की ओर से निर्देश दिए थे कि डिग्रियां विद्यार्थियों के घर भेजने की व्यवस्था की जाए। इसी आधार पर यह सुविधा दी जा रही है।

**नहीं आया कई विभागों से पीएच. डी सीटों का विवरण :** लवि ने सत्र 2023-24 में पीएच.डी दाखिले के लिए सभी विभागों से 15 दिसंबर तक सीटों का विवरण उपलब्ध कराने का समय दिया था, लेकिन अभी कई विभागों से इसकी सूचना नहीं आई है। इसके लिए उन्हें और समय देने की तैयारी है। एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेट अनित्य गौरव ने बताया कि विभागों से पीएच.डी सीटों का जो विवरण आया है, उसे इकट्ठा किया जा रहा है। एक-दो दिन में यह देखा जाएगा कि कितनी जगह से सूचना नहीं आई है।

**बीवाक, एमवाक की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कब से :** नेशनल पीजी कालेज ने बी.वाक व एम.वाक साफ्टवेयर डेवलपमेंट एंड ई-गवर्नेंस की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। बी.वाक की प्रयोगात्मक परीक्षा 19, 20 व 23 दिसंबर को होगी। एम.वाक की यह परीक्षा 29 दिसंबर को होगी।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# लविवि में उठी युवाओं की आवाज

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** विकसित भारत के मिशन का प्रसार करने के लिए लविवि में युवाओं की आवाज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें काफी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विवि की प्रवक्ता ने विकास के मिशन को आगे बढ़ाते हुए बिन्दुवार जानकारियां साझा कीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 को लेकर युवाओं को आगे आने की अपील की है। ऐसे में लखनऊ विवि ने इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रम शुरू किया है। विवि की प्रोवोस्ट डॉ. अलका मिश्रा ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छात्राओं से जानकारियां साझा कीं।

कार्यक्रम के महत्व को बतातीं डॉ. अलका मिश्रा। अमृत विचार

● **विकसित भारत के मिशन का किया प्रसार**

विवि के चंद्र शेखर आजाद गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पहल के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विकसित भारत पोर्टल पर भाग लेने और अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विवि की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# आईआईटी कानपुर की फेलोशिप में लविवि के छात्र का चयन

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** आईआईटी कानपुर की फेलोशिप में लखनऊ विवि के छात्र का चयन हुआ है। इसको लेकर छात्र को दो माह की इंटर्नशिप करनी है। जिसमें गणित और सांख्यिकी विभाग शामिल है।

लविवि के छात्र हरिशंकर जायसवाल का आईआईटी कानपुर गणित और सांख्यिकी विभाग में दो माह के लिए सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) के लिए चयन हुआ है। यह फेलोशिप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रदान की गई है। एमएससी के छात्र को फेलोशिप के माध्यम से प्रसिद्ध प्रोफेसरों और वैज्ञानिकों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल का कहना है कि लविवि लगातार सर्वश्रेष्ठ संस्थानों और कंपनियों की मदद से छात्रों को प्लेसमेंट दे रहा है। इसी कड़ी में हरिशंकर जायसवाल का आईआईटी कानपुर में गणित और सांख्यिकी विभाग में दो माह के लिए सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) में चयन हुआ है।

● **समर रिसर्च फेलोशिप में हुआ चयन दो माह की होगी इंटर्नशिप**

### फोरेंसिक साइंस के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप शुरू

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलाजी विभाग में पढ़ने वाले एम.एससी फोरेंसिक साइंस व एमए-एम.एससी एंथ्रोपोलाजी विभाग के छात्र-छात्राओं की इंटर्नशिप शुरू हो गई। इस दौरान विद्यार्थी फोरेंसिक साइंस से जुड़ी केस स्टडी व अन्य बारीकियां सीखेंगे।

इंटर्नशिप की अवधि 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक रहेगी। एम.एससी फोरेंसिक साइंस तीसरे सेमेस्टर के 44 विद्यार्थियों को स्टेट फोरेंसिक लैब लखनऊ, राजस्थान, एम्स दिल्ली और आगरा की फोरेंसिक लैब में अलग अलग इंटर्नशिप के लिए भेजा गया है। वहीं, एमए-एम.एससी एंथ्रोपोलाजी के 50 छात्र-छात्राएं स्टेट म्यूजियम, आर्किलोजिकल सर्वे आफ इंडिया, गैर सरकारी संगठन व वाइल्ड लाइफ में इंटर्नशिप के लिए गए हैं।

### मिली रिसर्च फेलोशिप

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में एम.एससी सांख्यिकी प्रथम वर्ष के छात्र हरिशंकर जायसवाल का चयन आइआइटी कानपुर में गणित और सांख्यिकी विभाग में दो महीने के लिए सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) के लिए हुआ है। यह फेलोशिप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से दी जाती है। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि फेलोशिप में छात्र को भारत में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के प्रसिद्ध प्रोफेसरों, वैज्ञानिकों के साथ काम करने का अवसर दिया जाता है। फेलोशिप के दौरान छात्र को 25,000 रुपये प्रतिमाह भी मिलेगा।

हरिशंकर जयसवाल

### नए कालेजों और कोर्सों को सम्बद्धता 20 अप्रैल तक

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय से नए कालेजों एवं पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति प्रस्ताव आनलाइन जमा करने की प्रक्रिया 15 दिसंबर को समाप्त हो गई। कई संस्थानों ने इसके लिए आवेदन किया है। अब 31 जनवरी तक अनापत्ति आदेश आनलाइन जारी किया जाएगा। इसके बाद संस्थान को 28 फरवरी तक निरीक्षण मंडल के लिए लवि में आवेदन करना होगा। निरीक्षण मंडल को अपनी रिपोर्ट पांच अप्रैल तक अनिवार्य रूप से देनी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से आनलाइन माध्यम से आनलाइन सम्बद्धता प्रदान करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल रखी गई है।

वर्तमान में लवि से सम्बद्ध पांच जिलों में 561 महाविद्यालय हैं। अगले सत्र 2024-25 में फिर इनमें बढ़ोतरी होगी। इसके लिए सम्बद्धता से जुड़ी प्रक्रिया चल रही है। विश्वविद्यालय में आनलाइन जमा किए गए प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राज्य विधान से सत्यापन 15 से 20 जनवरी तक होगा। 31 जनवरी तक अनापत्ति आदेश जारी होंगे। इसके खिलाफ शासन में अपील करने की तिथि 10 फरवरी तक है। वहीं, पूर्व से संचालित ऐसे पाठ्यक्रम जिनकी सम्बद्धता 30 जून को समाप्त होने वाली है। उन्हें 2024-25 से स्थायी स्वयुक्तता के लिए आनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर निरीक्षण मंडल प्राप्त कर स्थलीय निरीक्षण का प्रस्ताव समय सारिणी के अनुसार भेजना होगा। अन्यथा ऐसे पाठ्यक्रमों में अगले सत्र से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

## HINDUSTAN PAGE 7

# एलयू छात्र को आईआईटी कानपुर में इंटर्नशिप

लखनऊ। एलयू के एमएससी सांख्यिकी विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र हरिशंकर जयसवाल रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) मिली है। छात्र को आईआईटी कानपुर में गणित और सांख्यिकी विभाग में दो महीने के लिए सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) के लिए चुना गया है। यह फेलोशिप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से दी जाती है। प्रदान की जाती है। छात्र को फेलोशिप कार्यकाल के दौरान वजीफे के रूप में 25000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# एलयू छात्र सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप के लिए चयनित

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के हरिशंकर जयसवाल एमएससी सांख्यिकी विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र को, आईआईटी कानपुर में गणित और सांख्यिकी विभाग में दो महीने के लिए सबसे प्रतिष्ठित सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) के लिए चुना गया है। यह फेलोशिप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदान की जाती है। यह दुर्लभ अवसर एमएससी छात्र को ही दिया जाता है। इस फेलोशिप में छात्र को भारत में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, संस्थानों के प्रसिद्ध प्रोफेसरों,वैज्ञानिकों के साथ काम करने का गौरवमय अवसर दिया जाता है। उन्हें फेलोशिप कार्यकाल के दौरान वजीफे के रूप में 25000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो.मधुरिमा लाल का कहना है कि अब हम गर्व के साथ सर्वश्रेष्ठ संस्थानों, कंपनियों की ओर आगे बढ़ रहे हैं, जो प्लेसमेंट के रूप में उच्च सीटीसी और हमारे छात्रों को भुगतान किए जाने वाले वजीफे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हरिशंकर जयसवाल का आईआईटी कानपुर में गणित और साख्यिकी विभाग में दो महीने के लिए सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) प्राप्त करना हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# हरिशंकर रिसर्च फेलोशिप में चयनित

**लखनऊ।** लविवि के हरिशंकर जयसवाल एमएससी साख्यिकी विभाग का प्रथम वर्ष का छात्र, आईआईटी कानपुर में गणित और साख्यिकी विभाग में दो महीने के लिए सबसे प्रतिष्ठित सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) के लिए चुना गया है। यह फेलोशिप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश दी जाती है। यह दुर्लभ अवसर एमएससी छात्र को ही दिया जाता है। इस फेलोशिप में छात्र को भारत में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों व संस्थानों के प्रसिद्ध प्रोफेसरों व वैज्ञानिकों के साथ काम करने का गौरवमय अवसर दिया जाता है। उन्हें फेलोशिप कार्यकाल के दौरान वजीफे के रूप में 25 हजार रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल का कहना है कि अब हम गर्व के साथ सर्वश्रेष्ठ संस्थानों व कंपनियों की ओर आगे बढ़ रहे हैं, जो प्लेसमेंट के रूप में उच्च सीटीसी और हमारे छात्रों को भुगतान किये जाने वाले वजीफे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हरिशंकर जयसवाल का आईआईटी कानपुर में गणित और साख्यिकी विभाग में दो महीने के लिए सीएसटी-यूपी समर रिसर्च फेलोशिप (इंटर्नशिप) प्राप्त करना हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है।